भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली, 18 जनवरी 2024

विषय: दिसंबर 2023 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या-12)।

दिसंबर 2023 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/आयोजन नीचे दिए गए हैं:-

1. महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की 162वीं जयंती के अवसर पर, **माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी** ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 25 दिसंबर, 2023 को आयोजित एक कार्यक्रम में **'पंडित मदन मोहन मालवीय के संकलित कार्यों' की 11 खंडों की पहली श्रृंखला का विमोचन किया।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) ने इन पुस्तकों को प्रकाशित किया है और दस्तावेजों पर शोध और संकलन का काम महामना मालवीय मिशन द्वारा किया गया था। इस अवसर पर माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर; माननीय विधि और न्याय मंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल; महामना मालवीय मिशन के सचिव श्री प्रभुनारायण श्रीवास्तव; और पं. मदन मोहन मालवीय संपूर्ण वांगमय के मुख्य संपादक और प्रख्यात पत्रकार श्री राम बहादुर राय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। 11 खंडों में यह द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) कृति, पंडित मदन मोहन मालवीय के देश के हर कोने से एकत्र किए गए लेखों और भाषणों का संग्रह है।

**2. विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई):** भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी आउटरीच पहल, विकसित भारत संकल्प यात्रा, जो 15.11.2023 को शुरू की गई थी, एक महीने में देश की **68,000 ग्राम पंचायतों (जीपी) में 2.5 करोड़** से अधिक नागरिकों तक पहुंच चुकी है। इसके आरंभ से एक महीने की अवधि में, लगभग 2 करोड़ लोगों ने विकसित भारत संकल्प लिया है और केंद्र सरकार की स्कीमों के 2 करोड़ से अधिक लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए हैं। **माननीय प्रधान मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ कई बार बातचीत की है।**

2.1 माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, **श्री अनुराग सिंह ठाकुर** ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के हमीरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के नलेटी ग्राम पंचायत से **विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लिया।** माननीय मंत्री जी ने वीबीएसवाई की सराहना की और इसे विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य में महत्वपूर्ण बताया।

2.2 विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में जागरूकता का सृजन करने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रमुख एफएम चैनलों के साथ **एक रेडियो अभियान** चलाया गया। एक **ऑरिजिनल ऑडियो स्पॉट इन-हाउस** तैयार किया गया था और पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा इसका कई भाषाओं में

अनुवाद किया गया था और पूरे भारत में एफएम स्टेशनों द्वारा प्रसारित किया जा रहा है। यात्रा के महत्व और उद्देश्यों को समझाने के लिए लोकप्रिय रेडियो जॉकी द्वारा इन चैनलों पर आरजे मेंशन भी किए जा रहे हैं। पीआईबी ने माह के दौरान वीबीएसवाई के संदर्भ में **2 वार्तालाप और 4 मीडिया टूर** भी आयोजित किए और वीबीएसवाई कवरेज पर दैनिक मीडिया फीडबैक रिपोर्ट साझा की।

2.3 पीआईबी और प्रसार भारती ने 11.12.2023 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा वीसी के माध्यम से **'विकसित भारत@2047: वॉइस ऑफ यूथ' के लॉन्च को व्यापक रूप से कवर किया।** डीडी न्यूज ने अपनी 30 क्षेत्रीय समाचार इकाइयों के साथ विशेष कहानियों, प्रतिभागियों के बाइट्स, विशेष पैकेज, ग्राउंड रिपोर्ट, चर्चा कार्यक्रमों और वीबीएसवाई के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए **एक विशेष दैनिक कार्यक्रम श्रृंखला 'संकल्प विकसित भारत का'** के माध्यम से यात्रा को व्यापक रूप से कवर किया। समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी (एनएसडी:एआईआर) ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 06.12.2023 और 22.12.2023 को कृषि और स्वास्थ्य विषयों पर विशेषज्ञों के साथ चर्चा प्रसारित की। न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने वीडियो बाइट्स, लाइव स्ट्रीमिंग, स्कीम-विशिष्ट रीलों और ग्राफिक्स के माध्यम से सोशल मीडिया प्रसार किया, जिसे हैशटैग **#HamaraSankalpViksitBharat**, #**विकसित_भारत_संकल्प_यात्रा**, **#ViksitBharatSanklpYatra** आदि का उपयोग करके साझा किया गया।

3. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने 30.12.2023 को **"हमारा संकल्प विकसित भारत"** की थीम के साथ **भारत सरकार का कैलेंडर 2024** लॉन्च किया। कैलेंडर 2024 में जन कल्याणकारी नीतियों और उन स्कीमों और पहलों के कार्यान्वयन के डिजाइन के माध्यम से भारत के लोगों के जीवन में आए सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिवर्तन को दर्शाया गया है, जिन्होंने एक मजबूत भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कैलेंडर को हिंदी और अंग्रेजी सहित 13 भाषाओं में मुद्रित किया गया है और पूरे देश में वितरित किया जा रहा है।

4. लोकसभा ने 21.12.2023 को **प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण (पीआरपी) विधेयक, 2023** पारित किया, जिसे मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा द्वारा 03.08.2023 को पारित किया गया और 29.12.2023 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया। इस प्रकार प्रेस और पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1867 के औपनिवेशिक युग के कानून को निरस्त कर दिया गया है, जिससे किसी भी भौतिक इंटरफ़ेस की आवश्यकता के बिना एक ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से शीर्षक आवंटन और पत्रिकाओं के रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया सरल और एक साथ हो गई है। प्रकाशकों को अब जिला मजिस्ट्रेट या स्थानीय अधिकारियों के पास घोषणा पत्र दाखिल करने और ऐसी घोषणाओं को प्रमाणित कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, प्रिंटिंग प्रेसों को भी ऐसी कोई घोषणा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी; इसके बजाय केवल एक सूचना ही पर्याप्त होगी। पीआरपी अधिनियम, 2023 प्रेस रजिस्ट्रार जनरल को प्रक्रिया को तेजी से ट्रैक करने और पंजीकरण प्रमाणपत्र को निलंबित/रद्द करने में सक्षम और सशक्त बनाता है। पीआरपी अधिनियम, 1867 के मुकाबले इस क़ानून को काफी हद तक अपराधमुक्त कर दिया गया है और यह प्रेस की स्वतंत्रता और व्यापार करने में आसानी के एक नए युग की शुरुआत करता है। एनएमडब्ल्यू ने **#PRPAct, #EaseofDoingBusiness** आदि हैशटैग का उपयोग करके ग्राफिक्स, वीडियो और लाइव स्ट्रीमिंग के साथ सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाऊंटस पर पीआरपी

अधिनियम, 2023 के लिए सोशल मीडिया आउटरीच चलाया।

5. भारत के माननीय उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने 02.12.2023 को आकाशवाणी द्वारा आयोजित **डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान** दिया। इस वर्ष के व्याख्यान का विषय "भारत का एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरना" था। माननीय उप राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था और भारत का वैश्विक सम्मान और विश्वसनीयता कई गुना बढ़ी है। उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारत का विश्व नेता के रूप में फिर से उभरना तभी संभव है जब सभी नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे।

**6. मंत्रिमंडल ने भारत और मलेशिया के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन को अनुमोदन प्रदान किया:** माह के दौरान, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल को प्रसार भारती और रेडियो टेलीविज़न मलेशिया, मलेशिया के सार्वजनिक सेवा प्रसारक के बीच रेडियो और टेलीविज़न के क्षेत्र में लोक प्रसारण में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 07.11.2023 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू)/करार से अवगत कराया गया। इसके साथ ही प्रसार भारती द्वारा विभिन्न देशों के साथ हस्ताक्षरित एमओयू की कुल संख्या 46 हो गई है।

7. राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) के तहत भारतीय सिनेमा के राष्ट्रीय संग्रहालय (एनएमआईसी) ने 1 **से 15 दिसंबर, 2023 तक प्रख्यात स्पेनिश फिल्म निर्माता श्री कार्लोस सौरा** के कार्यों पर अपनी तरह की पहली प्रदर्शनी की मेजबानी की। उद्घाटन में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे और इसकी शुरुआत फ्लेमेंको प्रदर्शन के साथ हुई। इसके बाद अनुभवी फिल्म निर्माता श्री श्याम बेनेगल सहित मुख्य अतिथियों के बीच कार्लोस सौरा पर एक गहन **पैनल चर्चा** हुई। प्रदर्शनी के अलावा, एनएमआईसी ने कार्लोस सौरा की कुछ प्रतिष्ठित फिल्मों की स्क्रीनिंग की।

8. मंत्रालय ने **पीएम के मन की बात पुस्तिका** के नवंबर, 2023 संस्करण को '**नारी शक्ति वंदन**' कवर स्टोरी के रूप में शामिल कर प्रकाशित किया है, ई-संस्करण को ई-संपर्क के माध्यम से पूरे देश में 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को वितरित किया गया और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, माय गाव, पीएम इंडिया और मंत्रालय की मीडिया यूनिटों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया। मुद्रित पुस्तिका देश के सभी सांसदों और विधायकों, भारत सरकार के सभी सचिवों और अधिकारियों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों में वितरित की जाती है।

**9. ईयर एंडर:** विभिन्न मंत्रालयों के 47 **ईयर एंडर** पत्र पीआईबी नेटवर्क के माध्यम से जारी और प्रसारित किए गए। डीडी न्यूज़ ने गत वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए **विकसित भारत@2023 ईयर एंडर सीरीज** का प्रसारण किया। एनएसडी:एआईआर ने दिनांक 23.12.2023 को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव के साथ **ईयर एंडर सीरीज विशेष साक्षात्कार** का प्रसारण किया। प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) द्वारा प्रकाशित योजना जर्नल का दिसंबर, 2023 अंक एक '**ईयर एंड**' स्पेशल है और 2023 में भारत की परिवर्तनकारी यात्रा, लचीलेपन और वैश्विक नेतृत्व पर प्रकाश डालता है।

**10.** सीबीसी द्वारा **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)** के दिसंबर, 2023 के पाक्षिक संस्करण को 'जनजातीय गौरव दिवस' पर कवर स्टोरी ''एक्सेसिबल इंडिया, एम्पावर्ड सोसाइटी'' के साथ और ''2023 - राष्ट्र निर्माण में प्रमुख उपलब्धि वर्ष" के साथ 13 भाषाओं में प्रकाशित कर पूरे देश में वितरित किया गया।

**11. विशेष कवरेज/लेख:**

**11.1 जम्मू और कश्मीर अनुच्छेद 370** पर माननीय प्रधान मंत्री जी का महत्वपूर्ण समाचार पत्र लेख क्षेत्रों के साथ साझा किया गया था और सभी प्रमुख राष्ट्रीय और राज्य भाषा समाचार पत्रों में पूरे भारत में व्यापक रूप से प्रकाशित किया गया था। इस लेख में **370 से अधिक क्लिपिंग** प्राप्त हुईं।

11.2 दिनांक 22.01.2024 को **अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह** के लिए, मंदिर से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर कई पैकेज डीडी न्यूज द्वारा प्रसारित किए गए थे जिनमें अवसंरचना का विकास, मंदिर का निर्माण, अयोध्या में यूपीआई का उपयोग, देशभर में उत्साह और चौतरफा तैयारियां शामिल हैं। ग्राउंड रिपोर्ट और 'अयोध्या से 5 की पंचायत' जैसे शो का प्रसारण भी किया गया।

11.3 **काशी तमिल संगमम 2.0 (केटीएस 2.0):** डीडी न्यूज ने माननीय प्रधान मंत्री द्वारा केटीएस 2.0 के उद्घाटन का लाइव टेलीकास्ट किया, जिसके दौरान तमिल जानने वाले दर्शकों के लिए 'भाषिनी' नामक एक न्यू रियल टाइम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित अनुवाद उपकरण का उपयोग किया गया था। डीडी न्यूज ने 'खबर हट कर' में केटीएस 2.0 और भाषिनी पर रिपोर्ट किया, नियमित और प्राइम टाइम समाचारों में एमर्पित न्यूज सैगमेंट प्रसारित किए, एक विशेष कार्यक्रम **'काशी तमिल संगमम'** जिसमें गणमान्य व्यक्तियों और विशेषज्ञों के साथ विशेष बातचीत और भारत में विभिन्न शास्त्रीय नृत्य रूपों पर एक विशेष कार्यक्रम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' समर्पित का प्रसारण किया। तमिलनाडु से वाराणसी की यात्रा करने वाले केटीएस 2.0 के प्रतिभागियों की प्रतिक्रियाएं उनकी ट्रेन यात्रा के साथ-साथ पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्ज की गईं, जिसे डीडी पोधिगई और डीडी इंडिया पर भी प्रमुखता से प्रसारित किया गया।

11.4 **चुनाव और संसद का कवरेज**: एक विशेष कार्यक्रम '**जनादेश**' ने विशेषज्ञ पैनल चर्चाओं के साथ राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतों की गिनती के दिन भर का लाइव कवरेज किया है। **'संसद समाचार'** ने शीतकालीन सत्र के दौरान संसद की कार्यवाही को विस्तार से कवर किया।

11.5 प्रसार भारती और पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने ऐसे **सभी प्रमुख कार्यक्रमों को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया** जिसमें भारत के माननीय राष्ट्रपति, माननीय उपराष्ट्रपति और माननीय प्रधान मंत्री ने भाग लिया जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक साझेदारी (जीपीएआई), दुबई में सीओपी-28 में ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम, पहला भारतीय कला, वास्तुकला और डिजाइन बिनाल्ले (आईएएडीबी) 2023, काशी तमिल संगमम 2.0, ग्रैंड फिनाले ऑफ़ स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023, वीर बाल दिवस कार्यक्रम, अयोध्या में विकास परियोजनाएं, 2023 की अंतिम मन की बात, आदि।

12. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलें** -

- माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने दिनांक 14.12.2023 को संसद को सूचित किया कि इस वर्ष नवंबर, 2023 तक **35 विदेशी फिल्म परियोजनाओं को भारत में फिल्म निर्माण के लिए अनुमति दी गई है**, जबकि अनुमोदन प्रदत्त फिल्मों की संख्या 2022 के लिए 28 और 2021 के लिए 11 है। उन्होंने यह भी बताया कि ऑडियो-विज़ुअल सह-निर्माण संधि के तहत फिल्मों के सह-निर्माण और भारत में विदेशी फिल्मों के निर्माण के लिए प्रोत्साहन योजनाओं को, अधिक अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं को आकर्षित करने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा संवर्धित और सरल किया गया है।

- **भारतीय राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय (एनएमआईसी)** ने दिनांक 10.12.2023 को संग्रहालय आगंतुकों को संग्रहालय परिसर में परिवार और दोस्तों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के लिए **'सिने संडे'** नामक एक नई पहल शुरू की। इस पहल के तहत आगंतुकों के साथ आयोजित कार्यकलापों में उनकी रचनात्मकता को उजागर करने के लिए 'पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता' और 'एक दम फिल्मी स्टाइल' कार्यकलाप था जिसमें आगंतुकों ने चिट चुनी और उसके अनुसार अभिनय किया, जिसके लिए सर्वश्रेष्ठ को पुरस्कृत किया गया। एनएमआईसी '**क्रॉनिकल्स ऑफ टाइमलेस ट्रेजर्स**' की पहल भी कर रहा है, जिसमें हर शनिवार को रिस्टोर्ड कलासिक्स की स्क्रीनिंग और '**पैनोरमा ऑफ इंडियन सिनेमा**' शामिल हैं, जो छात्रों को सिनेमा की दुनिया के बारे में अंदरूनी जानकारी देने के लिए कार्यशालाएं आयोजित करते हैं।

- **ट्रांसफॉर्मिंग फिल्म एजुकेशन पर राष्ट्रीय सेमिनार:** 13 से 15 दिसंबर, 2023 तक सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट (एसआरएफटीआई) द्वारा "ट्रांसफॉर्मिंग फिल्म एजुकेशन" पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की मेजबानी की गई। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिकोण और सिद्धांतों के साथ फिल्म शिक्षा की रूपरेखा की समीक्षा करना था। इस आयोजन में देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों ने भाग लिया। वैश्विक मनोरंजन परिदृश्य में गेम चेंजर बनने में फिल्म स्कूल क्या भूमिका निभा सकते हैं और तेजी से बदलते मनोरंजन उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप फिल्म शिक्षण को अनुकूलित करने की आवश्यकता के बारे में चर्चाएं हुई।

- **डिजिटल मीडिया** :

  i. **सामग्री को ब्लॉक करना** : एक यूट्यूब चैनल, एक इंस्टाग्राम अकाउंट, दो फेसबुक अकाउंट और एक वेबसाइट को आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत निर्दिष्ट आधारों के अंतर्गत सामग्री प्रकाशित करने के लिए ब्लॉक कर दिया गया था।

  ii. **औपचारिक ब्लॉकिंग आदेश जारी किए बिना आपत्तिजनक सामग्री पर कार्रवाई :**

    क) पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट के समन्वय से 01.12.2023 को 9 यूट्यूब चैनलों के 117 वीडियो के फैक्ट चेक किए गए। इन चैनलों द्वारा राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने, ईवीएम और 200/500 के नोटों पर प्रतिबंध, केंद्रीय मंत्रियों की मृत्यु, बैंकों का बंद होना आदि से संबंधित

फर्जी खबरें प्रकाशित की गई। यूट्यूब पर जानकारी फ़्लैग की गई थी। नौ फैक्ट-चेक चैनलों में से आठ को बंद कर दिया गया है।

ख) 06.12.2023 को, भारत के मुख्य न्यायाधीश, चुनाव आयोग से संबंधित फर्जी खबरें फैलाने और कुछ राज्यों में फिर से चुनाव का दावा करने के लिए एक वीडियो को फ्लैग किया गया था। इस संबंध में, पीआईबी द्वारा एक फैक्ट-चेक जारी किया गया था और मामले को यूट्यूब पर फ़्लैग किया गया था। संबंधित यूट्यूब चैनल को बंद कर दिया गया है।

ग) दिनांक 27.12.2023 को, भारतीय सेना द्वारा दो ट्विटर यूआरएल को चिन्हित किया गया, जिसमें कश्मीर में सेना के ऑपरेशनों से संबंधित झूठे आरोप लगाए गए थे। मामले को ट्विटर पर फ़्लैग किया गया और संबंधित ट्विटर अकाउंट्स को बंद कर दिया।

घ) दिनांक 14.12.2023 को, माननीय प्रधान मंत्री को दिखाने वाले एक फर्जी वीडियो को फैक्ट-चैक किया गया। वीडियो प्रकाशित करने वाले यूट्यूब चैनल को बंद कर दिया।

- **एफएम सेल** :
  - दिनांक 21.12.2023 को संसदीय सौध में "**एफएम रेडियो - आगे का रोड मैप**" **विषय** पर सूचना और प्रसारण मंत्री की अध्यक्षता में सूचना और प्रसारण मंत्रालय से जुड़े सांसदों की परामर्शदात्री समिति की एक बैठक आयोजित की गई थी।
  - "**प्राइवेट एफएम फेज-III नीलामी के तीसरे बैच के आयोजन और प्राइवेट एफएम रेडियो फेज-III नीति दिशानिर्देशों में संशोधन के प्रस्ताव**" के संबंध में दिनांक 07.12.2023 को मंत्रिमंडल के लिए एक मसौदा नोट संबंधित मंत्रालयों को उनकी टिप्पणियां/इनपुट मांगने के लिए प्रसारित किया गया है।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस माह के दौरान कोई नई अनुमति नहीं दी है और 02 चैनलों के सरेंडर अनुरोध/कैंसेलेशन को स्वीकार किया है। दिनांक 31.12.2023 तक भारत में अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या 911 है।

- सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस): माह के दौरान **दो (02) नवीन अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए)** और **तीन (03) नवीनीकृत जीओपीए पर** हस्ताक्षर किये गये। **पूर्वोत्तर क्षेत्र** - असम में एक **सामुदायिक रेडियो कार्यशाला** आयोजित की गई थी।

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में **8513 से अधिक प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की हैं। पीआईबी फैक्ट-चैक यूनिट ने **139 फर्जी खबरों का भंडाफोड़ किया** और 146 ट्वीट किए। विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति पर प्रकाश - डालने वाले अनुसंधान इकाई के एक्सप्लेनर्स को मीडिया में काफी समर्थन मिला।

- सीबीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओबी) ने **विकसित भारत संकल्प यात्रा, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन जैसे विभिन्न विषयों पर**

**एकीकृत संचार और आउटरीज (आईसीओपी), क्षेत्रीय कार्यक्रम और जागरूकता कार्यक्रम** देशभर में सोशल मीडिया के माध्यम से आयोजित किए गए जिसका विवरण निम्नानुसार है :

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | वाट्सएप पर परिचालित पोस्टर/संदेश/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 27840 (218793) | 1165 | 204 | 9387 |

- **सोशल मीडिया कवरेज:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग **336 विशिष्ट ग्राफिक/ वीडियो/ छवियां/ पोस्ट/ ट्वीट** आदि साझा करके विभिन्न विषयों पर व्यापक कवरेज और प्रचार-प्रसार किया।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा** और अन्य प्रमुख अभियानों जैसे काशी तमिल संगमम, राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस, किसान दिवस और प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2023, मंत्रिमंडल निर्णय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय पॉडकास्ट, एमआईबीई पॉजिटिव, वीकनामा इत्यादि पर इंफो ग्राफिक्स, रीलों, अभियानों के लिए ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से प्रकाश डाला गया।

सी. सेंथिल राजन

**(सी. सेंथिल राजन)**
**संयुक्त सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष: 23382597**